सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

कक्षा:-पाँचवीं	विषय: हिंदी व्याकरण	पाठ: अनुच्छेद

समय अनमोल है

विश्व में सबसे महत्वपूर्ण एवं मूल्यवान धन समय को माना गया है। यदि मनुष्य की धन-संपत्ति नष्ट हो जाए तो वह परिश्रम, प्रयत्न एवं लगन से उसे पुनः प्राप्त कर सकता है किंतु बीता हुआ समय वापस नहीं आता। इसी कारण समय को सर्वाधिक मूल्यवान धन माना गया है और उसके सदुपयोग की बात कही गई है। समय कभी किसी की प्रतीक्षा नहीं करता। वह निरंतर गतिशील रहता है। कुछ लोग यह कहकर हाथ-पर-हाथ रखकर बैठे रहते हैं कि अभी समय अच्छा नहीं, जब अच्छा समय आएगा तब काम कर लेंगे। ऐसे लोग भूल जाया करते हैं कि समय आया नहीं करता वह तो निरंतर जाता रहता है और सरपट भागता रहता है। हमें निरंतर कर्म करते हुए उचित समय पर कार्य पूरा करना चाहिए। समय के सदुपयोग में ही जीवन की सफलता का रहस्य छिपा है। संसार में जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी समय का सदुपयोग करने के कारण ही इस मुकाम पर पहुँच सके हैं।